सत्यमेव जयते

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
National Testing Agency
Excellence in Assessment

NCHMCT

(उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन)
(An Autonomous Organization under the Department of Higher Education, Ministry of Education, Government of India)

सार्वजनिक सूचना

02 अप्रैल 2026 / 12 चैत्र 1948

विषय: राष्ट्रीय होटल प्रबंधन संयुक्त प्रवेश परीक्षा (NCHM JEE)–2026 के ऑनलाइन आवेदन पत्र में विवरणों के संशोधन के संबंध में।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA) को, जो कि भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त निकाय राष्ट्रीय होटल प्रबंधन एवं खानपान प्रौद्योगिकी परिषद (NCHMCT) द्वारा अधिकृत है, शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए राष्ट्रीय होटल प्रबंधन संयुक्त प्रवेश परीक्षा (NCHM JEE) के संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सूचना पुस्तिका तथा पूर्व में जारी सार्वजनिक सूचनाओं के क्रम में, अभ्यर्थियों **को NCHM JEE–2026 के ऑनलाइन आवेदन पत्र में उनके विवरणों में संशोधन करने का अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया गया है**। तदनुसार, संशोधन की सुविधा निम्नलिखित कार्यक्रमानुसार उपलब्ध होगी:

परीक्षा	विवरणों में संशोधन की अवधि	संशोधन के क्षेत्र
NCHM JEE–2026	**02 अप्रैल 2026 से 04 अप्रैल 2026 (रात्रि 11:50 बजे तक)**	परिशिष्ट–1 के अनुसार

कृपया ध्यान दें कि अंतिम संशोधन, यदि लागू हो, तो अतिरिक्त शुल्क के भुगतान के पश्चात ही मान्य होगा। श्रेणी अथवा PwBD में परिवर्तन के कारण यदि शुल्क में परिवर्तन होता है, तो अभ्यर्थी से अतिरिक्त शुल्क लिया जाएगा। किसी भी प्रकार का अतिरिक्त भुगतान वापस नहीं किया जाएगा।

सभी पंजीकृत अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे वेबसाइट (https://exams.nta.nic.in/nchm-jee/) पर जाकर अपने विवरणों का सत्यापन करें तथा आवश्यकता होने पर अपने आवेदन पत्र में संशोधन करें।

यह सुविधा अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा से बचाने हेतु एक बार के लिए प्रदान की जा रही है, अतः अभ्यर्थी अत्यंत सावधानीपूर्वक संशोधन करें, क्योंकि इसके पश्चात कोई अन्य अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा।

अभ्यर्थी 04 अप्रैल 2026 (रात्रि 11:50 बजे तक) तक संशोधन कर सकते हैं। इसके बाद किसी भी परिस्थिति में NTA द्वारा किसी प्रकार का संशोधन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

अतिरिक्त शुल्क (जहाँ लागू हो) का भुगतान अभ्यर्थी द्वारा क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/नेट बैंकिंग/UPI के माध्यम से किया जा सकता है। अभ्यर्थियों को नवीनतम जानकारी के लिए NTA की वेबसाइट **www.nta.ac.in** तथा **https://exams.nta.nic.in/nchm-jee/** नियमित रूप से देखने की सलाह दी जाती है।

NCHM JEE 2026 से संबंधित किसी भी स्पष्टीकरण हेतु अभ्यर्थी **011-40759000** पर संपर्क कर सकते हैं अथवा अणु-डाक पते **nchm@nta.ac.in** पर लिख सकते हैं।

निदेशक, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी

परिशिष्ट–1

क्रम संख्या	आवेदन पत्र में संशोधन	विवरण
1	अभ्यर्थियों को निम्नलिखित में परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी	i. संपर्क सूत्र ii. ई-मेल/ अणु डाक पता iii. पता (स्थायी एवं वर्तमान) iv. हस्ताक्षर – चित्र अपलोड
2	अभ्यर्थी निम्न में से किसी एक में परिवर्तन कर सकते हैं	i. अभ्यर्थी का नाम या ii. पिता का नाम या iii. माता का नाम
3	अभ्यर्थियों को निम्न सभी विवरणों में परिवर्तन की अनुमति होगी	i. कक्षा 10/समकक्ष विवरण ii. कक्षा 12/समकक्ष विवरण
4	अभ्यर्थियों को परीक्षा राज्य एवं शहर बदलने की अनुमति होगी	i. परीक्षा शहर का चयन
5	अभ्यर्थियों को निम्न सभी विवरणों में परिवर्तन की अनुमति होगी	i. जन्म तिथि ii. लिंग iii. श्रेणी iv. उप-श्रेणी / PwBD

- *यदि शुल्क पर प्रभाव पड़ता है, तो अतिरिक्त शुल्क लिया जाएगा।*
- *अभ्यर्थी अपनी पात्रता के अनुसार कार्यक्रम जोड़ या बदल सकते हैं, जिसके लिए अतिरिक्त शुल्क देय होगा।*
- *इन क्षेत्रों में संशोधन, यदि कोई अतिरिक्त शुल्क लागू हो, तो उसके भुगतान के पश्चात ही मान्य होगा।*
- *अभ्यर्थियों को संशोधन का केवल एक अवसर दिया जाएगा; संशोधन जमा करने के पश्चात आवेदन पत्र स्थिर (फ्रीज़) कर दिया जाएगा।*